# महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com
Website: www.msdsu.ac.in

पत्रांकः 755/पी.ए./2022 दिनांक– 23/11/2022

सेवा में,

प्राचार्य/प्रबंधक
सम्बद्ध अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालय
महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़।

**विषय–** सत्र 2022–23 में अस्थाई/स्थाई सम्बद्धता के सम्बन्ध में ।

महोदय/महोदया,

नवस्थापित विश्वविद्यालय होने के दृष्टिगत विश्वविद्यालय कार्य परिषद् की बैठक दिनांक 10.09.2022 में व्यापक विश्वविद्यालय/महाविद्यालय हित/जनहित में सम्बद्ध महाविद्यालयों में पूर्व से संचालित स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों में सत्र 2022–23 में सम्बद्धता के सम्बन्ध में लिए गए निर्णय के अनुपालन में माननीय कुलपति जी के निर्देशानुसार मुझे यह अवगत कराने का निर्देश हुआ है किः

1. पूर्व से संचालित समस्त स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों में सत्र 2022–23 हेतु अस्थाई सम्बद्धता विस्तरण प्रदान किया जाता है। सम्बंधित महाविद्यालय सत्र 2023–24 में वांछित सम्बद्धता हेतु कृपया आवश्यक अग्रिम कार्यवाही 31 मार्च 2023 से पहले–पहले पूर्ण कर/करा लें।
2. जिन महाविद्यालयों ने अस्थाई सम्बद्धता विस्तरण हेतु अथवा स्थाई सम्बद्धता हेतु आवेदन किये थे और उनके आवेदन के सापेक्ष निरीक्षण मंडल गठित हो गए थे अथवा गठित निरीक्षण मंडल से उनके द्वारा निरीक्षण की कार्यवाही सम्पादित करा ली गई है अथवा कराई जानी है, उनकी सम्बद्धता के प्रकरण उसी आवेदन पर अगले सत्र 2023–24 हेतु मान्य होंगे। सम्बंधित महाविद्यालय सत्र 2023–24 में वांछित सम्बद्धता हेतु कृपया आवश्यक अग्रिम कार्यवाही 31 मार्च 2023 से पहले–पहले पूर्ण कर/करा लें।
3. जिन महाविद्यालयों ने सत्र 2022–23 में स्थाई सम्बद्धता हेतु निरीक्षण मंडल की आख्या वांछित अभिलेखों सहित महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ में जमा करा दी है, उनकी सम्बद्धता के सम्बन्ध में शीघ्र ही सूचित किया जाएगा।

कृपया समस्त सम्बन्धित महाविद्यालय यह भी सुनिश्चित करें कि उनके यहां सम्बद्धता मानकों का समुचित रूप से पालन हो रहा है।

कृपया उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए ।

**(वी0पी0 कौशल)**
**कुलसचिव**

**प्रतिलिपि– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –**

1. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
3. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, वाराणसी।
4. विश्वविद्यालय की वेबसाइट व ''कालेज लाग–इन'' पर प्रदर्शित/अपलोड करने हेतु।

**कुलसचिव**